

सुनीता का परिवार

पाठ–2

# हमारा परिवार

यह सुनीता का परिवार है। सुनीता अपने माँ, पिताजी और भाई राकेश के साथ रहती है। सुनीता के पिताजी किसान हैं। सुनीता और राकेश पास के स्कूल में पढ़ने जाते हैं।

यह दिलीप का परिवार है। दिलीप अपने दादा–दादी, माता–पिता, चाचा–चाची, फुआ, चचेरी बहन शिखा और अपनी बहन अनीता के साथ रहता है। उसके छोटे चाचा शहर में पढ़ते हैं इसलिए वे वहीं रहते हैं। दिलीप के पिताजी की कपड़े की दुकान है, बड़े चाचा शिक्षक हैं और चाची अस्पताल में नर्स है। उसकी माँ घर का काम सँभालती हैं। घर के सभी लोगों का खाना एक साथ बनता है। रात्रि का भोजन सभी लोग एक साथ ही करते हैं।



दिलीप का परिवार

**1. आप भी अपने परिवार के बारे में बताइए :**

(i) आपके परिवार में कुल कितने सदस्य हैं? ____________________

(ii) आपके पिताजी का क्या नाम है? ____________________

(iii) आपकी माँ का क्या नाम है?

________________________________________

(iv) अपने परिवार के सभी सदस्यों के नाम लिखिए।

________________________________________

________________________________________

**2. आपके घर में कौन क्या–क्या काम करता है? उसे नीचे की तालिका में लिखिए :**

| काम | कौन करता है |
|---|---|
| पानी भरना | |
| घर की सफाई करना | |
| खाना बनाना | |
| बाजार से सामान खरीदना | |
| कपड़े धोना | |
| जानवरों की देखभाल करना | |
| नौकरी /व्यवसाय करना | |
| घर के जरूरी फैसले करना | |

**3. ऐसे दो काम बताइए जो आपके पिताजी आपके लिए करते हैं?**

________________________________________

**4. ऐसे दो काम बताइए जो आपकी माँ आपके लिए करती हैं?**

________________________________________

**5. आप अपने घर में क्या–क्या काम करते हैं?**

________________________________________

6. परिवार में सभी लोग एक साथ नहीं रहें तो क्या होगा?

———————————————————————————————

7. आप अपने दादाजी से पूछकर पता लगाइए कि वे कैसे रहते थे? कितने लोग थे? कौन क्या–क्या करता था?

———————————————————————————————

8. आपको अपने परिवार में सबसे अच्छा कौन लगता है और क्यों?

———————————————————————————————

9. आपकी माँ आपके परिवार में आने से पहले कहाँ रहती थीं?

———————————————————————————————

10.(i) अपनी माँ से उनके बचपन के बारे में पूछकर बताइए कि वह बचपन में क्या–क्या काम करती थीं?

———————————————————————————————

(ii) उन्हें ये काम किसने सिखाए थे?


———————————————————————————————

———————————————————————————————

11. नीचे की तालिका में कुछ काम लिखे गए हैं जो आप घर पर करते हैं इनमें और काम जोड़ें तथा यह लिखें कि यह काम आपको किसने सिखाया।

| क्र.सं. | कार्य | सिखानेवाला | क्र.सं. | क | ा य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कपड़े पहनना | | 6. | | |
| 2. | बाल झाड़ना | | 7. | | |
| 3. | | | 8. | | |
| 4. | | | 9. | | |
| 5. | | | 10. | | |

दिलीप का परिवार




12. दिलीप ने अपने परिवार की यह वंशावली बनाई है इसी तरह आप भी अपने परिवार के सदस्यों के नाम सहित वंशावली बनाइए।

**वंशावली में आपने देखा कि दादा–दादी से कैसे परिवार बढ़ता है। माता–पिता, चाचा–चाची, भाई–बहन, फुआ–फूफा आदि परिवार के सदस्यों की संख्या धीरे–धीरे बढ़ती जाती है। सब सदस्य मिलकर एक परिवार बनाते हैं।**

एक परिवार के सदस्यों में कई समानताएँ भी पायी जाती हैं। दिलीप को याद आया उसकी दादी अक्सर कहा करती है कि वह अपने दादा जैसा लंबा है। बाल संवारने के समय सुनीता माँ से कहती है– माँ मेरे बाल तुम्हारे जैसे ही लंबे हैं।

**13. आप पता कीजिए आपकी कौन–सी चीज परिवार के किस सदस्य से मिलती है?**

आवाज ________________________

आँख ________________________

नाक ________________________

बाल ________________________

रंग ________________________

CCC